Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 07-03-2006
Participants : Dangawas Shri Bhanwar Singh

an>

Title : Need to invite tenders for carrying out work on power generation in Merta Tehsil of Nagaur district in Rajasthan.

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री जी ने जो भाण दिया था, उसमें मिथेन गैस का उल्लेख था, मैं उस संबंध में बोलना चाहता हूं। खनिज कोयले से बिना खनन किए भूमिगत स्तर पर जहां कोयले का परत है, वहीं पर जला कर मिथेन गैस का उत्पादन किया जाता है। कोल इंडिया लिमिटेड ने ऐसे क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर रखा है। मेरे लोक सभा क्षेत्र में मीरा नगर, तह0 मेंड़ता, जिला नागौर में उक्त स्थान पर ऐसे चयनित भूमिगत कोल भंडार चिन्हित किए गए हैं, जहां ऐसे भूमिगत कोयले का भंडार है। यह भूमि, सतह से बहुत गहरा है, इसकी गुणवत्ता भी "डी" ग्रेड की है। इसका उपयोग करने से यह महंगा भी पड़ेगा व अच्छे किस्म का कोयला भी हाथ नहीं आएगा।

उपाध्यक्ष महोदय, कोल इंडिया लिमिटेड ने रूस की एक कम्पनी स्कोचिन स्काई इंस्टीट्यूट आफ माईनिंग (सिम) के द्वारा धन खर्च कर विशेाज्ञ रिपोर्ट बनवाई है। इस विशेाज्ञ दल ने राय दी कि यहां पर कोयले को भूमिगत कोल भंडार की सतह पर ही जला कर उपयोग हेतु गैस का उत्पादन किया जा सकता है। इस गैस से विद्युत उत्पादन किया जा सकता है, सीमेंट बनाया जा सकता है व ईंटों के भट्टे भी पकाए जा सकते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में यह लाना चाहूंगा कि इस क्षेत्र के पास जो पत्थर, चूना व सीमेंट उपयोग में आता है, उसका अपार भंडार है। यहां छोटे सीमेंट प्लांटों के अतिरिक्त देश के प्र ासिद्ध सीमेंट उद्योग जे.के. वाईट गोहन में व बिड़ला वाईट खारिया में है।

उपाध्यक्ष महोदय, इसी विधि से गुजरात में ओ.एन.जी.सी. व नेवेली लिगनाईट कार्पोरेशन लिमिटेड से मिल कर कोल इंडिया लिमिटेड ने प्रोजेक्ट प्रारम्भ किए हैं। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय सरकार ने बीरभूम, सोहगपुर, सिंगरोली, टाटापनी-रामकोला, मंड-रायगढ़, सदर्न गोदावरी-वेली, बाड़मेर बेसिन (राजस्थान), नोर्दन गोदावरी वेली व सी.बी.एम. लोक जी.वी. (नोर्थ) कोल-फील्डों के लिए कोलवेड मीथेन के अन्वेाण और उत्पादन का अवसर देकर टेंडर आमंत्रित किए हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मेरा सरकार से आग्रह है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र मीरा नगर तहसील मेड़ता, जिला नागौर में भूमिगत कोयला है व कोल इंडिया लिमिटेड के पास विशेाज्ञों की रिपोर्ट है, उसमें भी कोल वेड मिथेन के अन्वेाण व उत्पाद हेतु टेंडर आमंत्रित किए जाएं। इसके साथ-साथ उक्त गैस से, जिससे ि वद्युत उत्पाद हो सकती है, उस विद्युत उत्पादन की विनिदाएं आमंत्रित कराएं। यहां ट्यूबवैल भी खोदें हुए हैं। इससे राजस्थान ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में जो विद्युत की कमी है, वह पूरी हो सकेगी।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Avinash Rai Khanna -- not present

Shri K. Francis George -- not present

Shri Prabodh Panda -- not present

Shri Srichand Kriplani.